रामाकोना की शासकीय कन्या शाला में भरा पानी

घुटनों तक भरे गंदे पानी से होकर स्कूल पहुंच रहे बच्चे

पांढुर्णा, देशबन्धु। जिले की ग्राम पंचायत रामाकोना स्थित शासकीय कन्या शाला एवं प्राथमिक बालक शाला इन दिनों पानी से लबालब भरी हुई है। बच्चियां और बच्चे घुटनों तक गंदे पानी में चलकर स्कूल पहुंच रहे हैं। यह हालात 'बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ' और 'स्कूल चले हम' जैसी सरकारी योजनाओं की सच्चाई को उजागर कर रहे हैं।

याद आ रहे हैं शिवराज मामा-शाला की नन्हीं बच्चियों की माताएं अब पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को याद कर रही हैं, जिन्हें प्रदेश की बच्चियां आज भी मामा कहकर पुकारती हैं। जब शिवराज मामा थे, तब हमारी बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और सुविधा पर जोर दिया जाता था। योजनाएं जमीनी स्तर पर लागू होती थीं। अब तो हाल यह है कि बच्चों को कीचड़ में चलकर स्कूल जाना पड़ रहा है और कोई सुनवाई नहीं है, एक अभिभाविका ने रोष जताया। अब जबकि मामा केंद्र में कृषि मंत्री बन गए हैं, प्रदेश में मोहन चाचू की सरकार है, लेकिन ज़मीन पर न बच्चे सुरक्षित हैं, न बेटियां पढ़ पा रही हैं। वही स्कूल के रास्तों पर आवारा लोफर युवाओं का जमावड़ा है। यही कारण है कि गांव की महिलाएं और माताएं कह रही हैं हमें शिवराज मामा फिर से चाहिए।

कमरे जलमग्न, पढ़ाई एक ही कक्ष में

लगातार बारिश के चलते विद्यालय के अधिकतर कमरे पानी से भर गए हैं। कक्षा पहली से आठवीं तक के सभी विद्यार्थियों को एक ही कमरे में बैठाकर पढ़ाया जा रहा है, प्रधान पाठक किरण कुरोठे ने बताया कि कई बार ग्राम पंचायत एवं शिक्षा विभाग से कमरों की मांग की गई, लेकिन सिर्फ आश्वासन मिला। शाला में सफाईकर्मी द्वारा उपयोग में लाए जा रहे कमरों को शाला को देने की मांग भी अधूरी ही रही।

शिक्षा विभाग मौन, पालकों में आक्रोश

न तो पानी की निकासी का इंतजाम, न ही बच्चों के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था, न ही पंचायत प्रतिनिधियों की कोई सक्रियता। अभिभावकों ने सवाल उठाया है कि जब शासकीय योजनाओं की आड़ में करोड़ों खर्च हो रहे हैं, तो फिर ऐसी दुर्दशा क्यों? क्यों नौनिहालों को उनके मूलभूत अधिकारों से वंचित

किसानों ने भुगतान की मांग को लेकर एसडीओपी को दिया ज्ञापन

चौरई, देशबन्धु। चौरई क्षेत्र के ग्राम मेंहगोरा, घोघरी, डुंगरिया, कुंडा, आमाबोह, परासिया, जुरतरा, गोपालपुर, केदारपुर व अन्य आसपास के ग्रामीणों ने शनिवार को कुंडा के गल्ला व्यापारी मदन साहू के द्वारा मक्का फसल की खरीदी का भुगतान न देने की शिकायत पर चौरई एस डी ओ पी को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष तीरथ सिंह ठाकुर के साथ मिलकर एक ज्ञापन सौपा जिसमें उक्त गल्ला व्यापारी के द्वारा फसल ख़रीदी के बाद काफी समय से भुगतान देने हेतू आनाकानी की जा रही है और किसानों को वर्तमान में बारिश की की फसल मक्का आदि के खाद, बीज व अन्य कार्यों हेतू किसानों को पैसों की अत्यंत आवश्यकता है। पैसों के आभाव में किसान परेशान है। ज्ञापन के माध्यम से किसानों ने अपनी उपज के जल्द भुगतान की मांग चौरई एस डी ओ पी से की है।

इस मौके पर तीरथ सिंह ठाकुर के साथ सचिन वर्मा, अमन वर्मा, सागर वर्मा, तुलसीराम वर्मा, राकेश यादव, गोलू वर्मा, जयनाथ वर्मा, तुलाराम वर्मा, शिवनाथ वर्मा, संतोष यादव, नेमीचंद वर्मा, गोपाल नायक, श्रीप्रसाद यादव, सुनील ठाकुर, संतोष कुमार यादव, वैजनाथ सनोडिया आदि कृषक उपस्थित थे।

सार-समाचार

कन्हान बचाओ मंच की पहल के बाद कंपनी ने खोला मार्ग

जुन्नारदेव, देशबन्धु । सड़क निर्माण कंपनी द्वारा बीते लगभग 04 माह पूर्व श्री राम तिराहा से नगर में प्रवेश के मुख्य मार्ग को बंद कर वैकल्पिक मार्ग से आवागमन चालू कराया गया था । नगर सहित क्षेत्रवासी लंबे समय से वैकल्पिक मार्ग में सुधार अथवा श्री राम तिराहा से नगर में प्रवेश के मार्ग को खोले जाने की मांग कर रहे थे क्षेत्र वासियों की मांग को ध्यान में रखते हुए कन्हान बचाओ मंच द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंप कर मार्ग खोले जाने की मांग की गई थी जिसके बाद सड़क निर्माण कंपनी द्वारा वर्तमान में उक्त मार्ग को आवागमन हेतु खोल दिया गया है मार्ग खोले जाने के बाद क्षेत्रवासियों ने राहत की साथ ली है।

बढ़ रहा चोरियों का ग्राफ, ग्रामीणों ने चौकी में दर्ज कराई शिकायत

पिपला नारायणवार, देशबन्धु। सौसर तहसील क्षेत्र के पिपला नारायण वार पुलिस चौकी के अंतर्गत आने वाले नगर एवं ग्रामों में इन दिनों चोरियों का ग्राफ बढ़ते जा रहा है। आए दिन अज्ञात चोरों के आतंक से ग्रामीण ,किसान वर्ग परेशान हो रहा है जिसको लेकर कई बार पुलिस चौकी में शिकायत करने के बावजूद बढ़ती चोरियों पर अंकुश नहीं लगते दिख रहा है ।

ग्रामीण क्षेत्रों में खेती किसानी का समान भी अब सुरक्षित नहीं हैं। पशुओं,बकरियों की चोरी के बाद अब किसान के खेत से मोटर पम्प पाईप और झटका मशीन भी चोरी होने किसान परेशान हो गई हैं। जानकारी के अनुसार मंगलवार को पीड़ित ग्रामीणों ने पिपला पुलिस चौकी पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है । जिसके पीड़ितो का कहना है कि विगत कुछ दिनो से गांव और खेतो से लगातार बकरी, मोटर पंप की चोरी की घटना सामने आ रही है। पुलिस चौकी में शिकायत करने के बावजूद आरोपी गिरोह पर किसी तरह का अंकुश नहीं लगा है जिससे ग्रामीण खेती किसानी के संसाधन और पशुओं की सुरक्षा को लेकर चिंतित और परेशान है। इधर चौकी प्रभारी श्री पहाडे का कहना है कि किसानों की शिकायत के आधार पर पुलिस विवेचना कर रही है जिससे जल्द आरोपियों तक पहुंचा जाए। बढ़ती चोरिया रोकने रात्रि में पुलिस गस्त को बढ़ाएगी। लेकिन क्षेत्र के ग्रामों में बढ़ती चोरियो से पुलिस प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर ग्रामीण कई सवाल उठा रहे है, ग्रामीणों की माने तो अभी तक घटित हुई चोरियो की वारदात में एक भी आरोपी पुलिस गिरफ्त में नही आया है ,जिससे किसानों के साथ अब पुलिस की भी चिंता बढ़ गई है। लगातार चोरियो से ग्रामीण किसान वर्ग में आक्रोश पनप रहा है वे इसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक से करने की सोच रहे हैं।

भारत विकास परिषद् का 63वां स्थापना दिवस समारोह 14 जुलाई को मनाएंगे

मुख्य अतिथि होंगे गृहमंत्री अमित शाह

गोटेगांव, देशबन्धु । भारत विकास परिषद् अपना 63वां स्थापना दिवस 14 जुलाई को मनाने जा रही है। इस मौके पर दिल्ली के विज्ञान भवन में शाम 5 बजे से 7 बजे तक भव्य कार्यक्रम होगा। राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी प्रेम शंकर सिंह जी ने सेंट्रल रीजन के मीडिया प्रभारी बी डी सोनी जानकारी में बताया कि

इस खास कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे देश के गृह मंत्री अमित शाह। वे इस समारोह को संबोधित भी करेंगे।

कार्यक्रम में सोनालिका ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के वाइस चेयरमैन अमृत सागर मित्तल विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

समारोह की अध्यक्षता भारत विकास परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश आदर्श कुमार गोयल करेंगे। इसके



अलावा परिषद् के राष्ट्रीय संरक्षक प्रो. के.के. अग्रवाल और राष्ट्रीय महामंत्री दुर्गा दत्त शर्मा भी मौजूद रहेंगे।

भारत विकास परिषद् एक सामाजिक और सांस्कृतिक संगठन है। इसकी स्थापना 1963 में हुई थी। परिषद् का उद्देश्य है— समाज का हर दिशा में विकास करना।

यह संगठन किसी भी राजनीतिक पार्टी से जुड़ा नहीं है और पूरी तरह नि:स्वार्थ भाव से समाजसेवा करता है।

परिषद् 5 सिद्धांतों पर काम करती है - संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा और समर्पण। आज भारत में परिषद् की 1655 से ज्यादा शाखाएं हैं। करीब 85,000 परिवार इसके सदस्य हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन और अन्य सामाजिक क्षेत्रों में इसके कई सेवा केंद्र काम कर रहे हैं।

परिषद् के मुख्य कार्य - संस्कार- भारत को जानो प्रतियोगिता, समूहगान, महिला-बाल विकास कार्यक्रम, सामूहिक विवाह, गुरु वंदन-छात्र सम्मान कार्यक्रम।

सेवा - दिव्यांगों की मदद, वनवासी सेवा, स्वास्थ्य सेवाएं, रक्तदान, गांवों का विकास, महिला सशक्तिकरण, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान, नशा मुक्ति अभियान, आपदा राहत कार्य। पर्यावरण- पौधारोपण, जल संरक्षण, तालाबों का पुनर्जीवन, प्लास्टिक मुक्त भारत जैसे अभियान।

परिषद् का मकसद समाज के हर वर्ग तक पहुंचकर सेवा और संस्कार फैलाना है।

मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण प्रशिक्षण आरंभ

सौसर, देशबन्धु । विधानसभा क्र. 125 अंतर्गत मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (स्ट्रक्र) प्रशिक्षण में बूथ लेवल ऑफिसर की भूमिका तथा कार्य के अंतर्गत विभिन्न विषयों व बिंदुओं पर आयोजित किया।

यह प्रशिक्षण सिद्धार्थ पटेल अनुविभागीय अधिकारी एंव निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एंव भावना मलगाम तहसिलदार एंव सहायक निर्वाचक रजि. अधिकारी सौसर के मार्गदर्शन मे आयोजित किया गया जो 7 जुलाई से 12 जुलाई तक होगा जिसमे प्रतिदिन 50 बीएलओ को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

आज बूथ क्रमांक 01 से 50 तक के 50 बीएलओ को प्रशिक्षित किया गया जिसमें मास्टर ट्रेनर सूर्यकीर्ति काले ने विधिक प्रावधान एवं उसकी भूमिका

निर्वाचक नामावली का शुद्धिकरण, नये नाम जोड़ने फॉर्म क्रमांक 6 नाम हटाने फॉर्म क्र 7 एवं संशोधन हेतु फॉर्म क्र 8 भरने के दिशा निर्देश दिये गये। बूथ जागरूकता ग्रुप एवं उनके कार्य, नजरी नक्शा बनाना , विभिन्न केस स्टडी के माध्यम से विभिन्न समस्याओं का समाधान तथा मास्टर ट्रेनर जगदीश ग्यार ने बीएलओ के छ- छके ग्रुप बनाकर विभिन्न विषयों पर रोल प्ले आयोजित किए गए जिसमें घर-घर सर्वेक्षण के अंतर्गत विभिन्न केस स्टडी का अध्ययन किया गया । ऑनलाईन वोटर हेल्पलाइन एप से फॉर्म भरना तथा सभी बीएलओ का ऑनलाइन मूल्यांकन किया गया जिसमें सभी बीएलओ को उत्तीर्ण होना आवश्यक है भोपाल से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर मनोहर सवाई ने विभिन्न केस स्टडी तथा ऑनलाइन मूल्यांकन एव सर का प्रशिक्षण प्रदान किया उक्त प्रशिक्षण में निलेश चटप, शिवलाल गाकरे कंप्यूटर ऑपरेटर नितेश चरपे तथा शशांक हटवार का सहयोग रहा।

फुआरा चौक पर यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण

गोटेगांव, देशबन्धु। नगर के प्रमुख स्थल फुआरा चौक पर लंबे समय से प्रतीक्षित यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो गया है, जिससे स्थानीय नागरिकों और यात्रियों में हर्ष का वातावरण है। यह प्रतीक्षालय अब धूप, वर्षा और अन्य मौसम की कठिनाइयों से राहत देने में सहायक सिद्ध होगा। इस निर्माण कार्य के प्रयास को पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल एवं गोटेगांव विधायक महेन्द्र नागेश ने गंभीरता से लिया और तत्परता दिखाते हुए शासन से स्वीकृति उपरांत प्रतीक्षालय निर्माण कार्य कराया गया। ज्ञात होकि उक्त जन हितेषी मांग के सम्बन्ध में गोटेगाँव नगर पालिका अध्यक्ष पूनम जितेन्द्र ठाकुर ने पत्र लिखकर मांग की थी जिसके परिणाम स्वरुप स्थानीय विधायक द्वारा

प्रतीक्षालय का निर्माण कराया जा रहा है ।

गोटेगाँव नगर पालिका अध्यक्ष पूनम जितेंद्र ठाकुर ने इस अवसर पर लोक प्रिय नेता पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सम्मानीय विधायक महेंद्र नागेश को धन्यवाद ज्ञापित किया है जिनकी वजह से उक्त निर्माण संभव हो पाया है! नगर पालिका अध्यक्ष ने सम्मानीय जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा, यह प्रतीक्षालय नगर के यात्रियों को बड़ी राहत देगा। आगे भी नगर में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रयास लगातार जारी रहेंगे।

नगरवासियों एवं जनप्रतिनिधियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे जनहित में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। सभी ने सामूहिक रूप से अपने आभार में कहा कि यह निर्माण सिर्फ एक प्रतीक्षालय नहीं, बल्कि सुव्यवस्थित और नागरिकों की चिंता करने वाले शासन की पहचान है।

दैनिक राशिफल

गुरुवार 10 जुलाई 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1947 हिजरी 1446। अषाढ़ शुक्ल पक्ष की गुरु पूर्णिमा, नक्षत्र-पू.षा.।

मेष - यदि आप अपना स्वभाव शांत नहीं रखेंगे, तो उस कारण किसी के साथ मनमुटाव होने की संभावना उत्पन्न हो सकती है। आप शारीरिक थकान महसूस करेंगे।

वृषभ - आपकी तबीयत खराब होने के कारण काम में जल्दी सफलता नहीं मिल सकती है। मन में निराशा का अनुभव होगा। काम के बोझ से मानसिक तनाव और उचाट की स्थिति उत्पन्न होगी।

मिथुन - शारीरिक और मानसिक ताजगी और खुशी का अनुभव होगा। परिजनों तथा मित्रों के साथ प्रवास एवं पार्टी का आयोजन होगा। आज आपके पास मनोरंजन के सभी साधन उपलब्ध होंगे। क-378-189

कर्क - आज के दिन आपको खुशी और सफलता मिलेगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ घर में सुख-शांति से दिन व्यतीत करेंगे। नौकरी करने वालों को लाभ होगा। विरोधियों को परास्त कर सकेंगे।

सिंह - लेखन और साहित्य के क्षेत्र में कुछ नए सृजन करने की आपको प्रेरणा मिलेगी। विद्यार्थी अध्ययन में उत्तम प्रदर्शन कर सकेंगे। प्रिय व्यक्तियों के साथ आपकी मुलाकात से मन खुश रहेगा।

कन्या - आज आपको थोड़ी प्रतिकूलताओं के साथ तैयार रहना पड़ेगा। स्वास्थ्य नरम रहेगा। मन चिंताओं से घिरा रहेगा। माता से संबंधों में तनाव होगा अथवा उनकी तबीयत खराब होगी।

तुला - वर्तमान समय भाग्यवृद्धि का है। ऐसे में नए काम शुरू करने के लिए आज का दिन शुभ है। योग्य जगह पर पूंजी निवेश लाभदायक रहेगा। परिवार में भाई-बंधुओं के साथ आत्मीयता और मेल- मिलाप रहेगा।

वृश्चिक - आज परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। सगे-संबंधियों और मित्रों का आगमन होगा। स्वादिष्ट भोजन मिलेगा। धार्मिक काम के पीछे खर्च होगा।

धनु - आज व्यापारियों को विशेष लाभ होगा। विदेश स्थित व्यापार से लाभ होगा। आपके हाथ से धार्मिक एवं मांगलिक काम होंगे। स्नेहीजनों और मित्रों का मिलन आनंदित करेगा। आर्थिक लाभ होगा।

मकर - आज धार्मिक और आध्यात्मिक विषयों में रुचि रहने से व्यस्तता रहेगी तथा उनके पीछे खर्च भी होगा। कोर्ट-कचहरी से संबंधित काम सामने आएंगे। व्यवसायिक कामों में बाधा होगी।

कुंभ - आज का दिन लाभदायी है। व्यवसायिक क्षेत्र में आपको फायदा होगा। मित्रों के साथ भेंट होने से मन में आनंद छाया रहेगा। उनके साथ प्रवास का आयोजन भी हो सकता है।

मीन - व्यावसायिक दृष्टि से आज का दिन आपके लिए लाभदायी है। आपकी कार्यसफलता के कारण अधिकारी आप पर प्रसन्न रहेंगे। व्यवसाय में पदोन्नति के भी योग है। मॉ-889-468

2,7,5,0-23,75,55,03,17,68,43,16

स्थानांतरण पर सचिव को दी विदाई

बोरगांव, देशबन्धु । ग्राम पंचायत बोरगांव सचिव कमलाकर बोबडे को ग्राम पंचायत बोरगांव के सरपंच, उपसरपंच, एवं पंचगणो के द्वारा ग्राम पंचायत कार्यालय में आयोजित बिदाई समारोह का आयोजन किया गया द्य ग्राम पंचायत सरपंच पंकज दातरकर,

उप सरपंच एवं सभी पंचगाणों द्वारा उनके कार्यों का उल्लेख करते हुए ग्राम पंचायत में दी गई उनकी सेवाओं का सभी ने धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

ग्राम पंचायत के सभी कर्मचारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं,कोतवाल द्वारा बिदाई दी गई। साथी ही नव सचिव कैलाश जीवतोंडे एवं सहसचिव चंदाताई नवघरे का स्वागत किया गया। सरपंच पंकज दातारकर ने अपने वक्तव्य में कहा कि सचिव कमलाकर बोबडे द्वारा ग्राम पंचायत के कार्यों में अच्छा योगदान दिया एवं अच्छी तरह से कार्यालय का संचालन किया। उनके

कार्यकाल में अनेकों कार्य हुए एवं जो कार्य बाकी बचे हैं नए सचिव द्वारा पूरी लगन निष्ठा के साथ अवश्य ही पूरी करेंगे। कार्यक्रम का संचालन उप सरपंच घनश्याम कालबांडे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जनपद पंचायत सदस्य डॉक्टर गमे, ग्राम के पटवारी सरेय्याम, पंच पुरुषोत्तम काकडे, राहुल बंसोड,ज्ञानेश्वर ताजने, गोविन्द चौरिया,भाऊराव मडके, रामराव मर्सकोले, प्रफुल्ल देवतले, विट्ठल शेंद्रे,संजय पांवड़े, पंच महोदया श्रीमती श्वेता पुसदेकर, अर्चना ढोके,सविता ढोले,शिवाली मडके,मिना चौरे,श्याम कुमारी मुरारी,रेखा ऊईके, संगीता ढोके, सविता हिंगवे,सपना शुभ नारायण ठाकुर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता लता बोबडे, नलिनी घोरमारे, क्षिप्रा खुलगे, जयमाला बंसोड़,सुरेखा रंगारे, सुजाता बंसोड़ कोतवाल जगदीश मडके,बाबा हनवते,चेतन डोंगरे, एवं पंचायत कर्मचारी धनराज लोहितकर, प्रदीप मसराम, अतुल बोबडे, जगदीश काले,अजय निकम,प्रशांत इंदोरकर, राहुल बोबडे,बंडुराम, तेजराम काकडे,रूपेश बोबडे, शैलेश इंदोरकर एवं ग्रामवासि उपस्थित रहे।

विधायक ने पीएमश्री शास. कन्या शाला चांद में स्मार्ट टीवी का किया शुभारंभ

चौरई, देशबन्धु । पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांद में क्षेत्रीय विधायक चौधरी सुजीत सिंह ने नगर पालिका अध्यक्ष दान सिंह पटेल सहित कांग्रेस के वरिष्ठ एवं युवा पदाधिकारियों की उपस्थिति में स्मार्ट टीवी का किया शुभारंभ किया साथ ही इस मौके पर विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। इस अवसर पर विधायक चौधरी सुजीत सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्कूलों में स्मार्ट टीवी देने का मुख्य उद्देश्य शिक्षा को अधिक आकर्षक और प्रभावी बनाना है यह छात्रों को अवधारणाओं को बेहतर तरीके से समझने और याद रखने में मदद करता है साथ ही शिक्षकों को डिजिटल सामग्री का उपयोग करके प्रभावी ढंग से पढ़ाने में सक्षम बनाता है स्कूलों में स्मार्ट टीवी का उपयोग शिक्षा को अधिक प्रभावी आकर्षक और सुलभ बनाने का एक

शानदार तरीका है इससे दूरस्थ शिक्षा को भी बढ़ावा मिलता है साथ ही छात्राओं को बेहतर शिक्षा की शुभकामनाएं दी।

इस मौके पर विधायक चौधरी सुजीत सिंह के साथ नगर पालिका अध्यक्ष दान सिंह पटेल, पृथ्वीराज पटेल, बालमुकुंदी अयोधी, डॉ. विजेंद्र ठाकुर, ऋषि वैष्णव, संजय जैन, शिव श्रीवास, जावेद मंसूरी, सूदान रघुवंशी, सचिन वैष्णव निलेश डेहरिया, उदय राज पटेल, सदर जाकिर खान, पीएम श्री शास. कन्या उच्च. माध्य. विद्यालय चांद स्टाफ सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहे।